तापमान
अधिकतम 40 डिग्री
न्यूनतम 25 डिग्री

हरिभूमि
# कोरिया भूमि

बिलासपुर, बुधवार 1 मई 2024

[ बैकुंठपुर | मनेन्द्रगढ़ | चिरमिरी | खड़गवां | भरतपुर-सोनहत | जनकपुर ]

4 अहंकार बुद्धि एवं ज्ञान का कर लेता है हरण



## खबर संक्षेप

### वार्षिक परीक्षा का परिणाम पत्र घोषित



**कोरिया कॉलरी।** हमेशा से ही परीक्षा का नाम सुनते ही छात्रों में भय बन जाता है और जब परीक्षा की घड़ी समाप्त होती है तो परीक्षा फल के नतीजे का बेसब्री से इंतजार रहता है। पोंड़ी के चित्ताझोर विद्यालय में 30 अप्रैल को पूर्व मध्यमिक शाला का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। इसमें प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को पुरस्कृत किया गया। वहीं दूसरी ओर विद्यालय के गुरुजन ने छात्रों के उज्वल भविष्य की कामना करते हुए छात्रों का हौसला आफजाई किया और अंकसूची प्रदान किया गया।

### मुरमा के बच्चों को मिला प्रमाण पत्र



**बैकुण्ठपुर।** शासकीय प्राथमिक शाला, पूर्व माध्यमिक शाला फरिकापानी मुरमा बैकुंठपुर में मंगलवार को शिक्षा सत्र 2023-24 सत्रांत में बच्चों को प्रगति प्रत्रक वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें जिला शिक्षा अधिकारी जितेन्द्र कुमार गुप्ता, यातायात विभाग के लांस नायक डॉ. महेश मिश्रा, संकुल समन्वयक सुशील शुक्ला, दोनों शाला के प्रधान पाठक रमेश सिंह, सुशीला सिंह, समस्त शिक्षक एवं पालक उपस्थित रहे। कार्यक्रम में शिक्षा सत्र 2023-24 में सबसे अधिक शाला में उपस्थित होने वाले एवं अपनी कक्षा में प्रथम ,द्वितीय एवं तृतीय स्थान पाने वाले सभी विद्यार्थियों को जिला शिक्षा अधिकारी श्री गुप्ता द्वारा पेन, कॉपी, कम्पॉस बाक्स एवं बॉटल बुके देकर प्रोत्साहित किया गया। उन्होंने कहा कि सभी बच्चों को पुरस्कार पाने के लिए नियमित अभ्यास से प्रथम स्थान पाया जा सकता है यह कहकर प्रेरित किया। ग्रामीण दूरस्थ क्षेत्र के सभी बच्चे अपने बीच जिला शिक्षा अधिकारी को पाकर बहुत खुशी व गौरवान्वित महसूस किए। जिला शिक्षा अधिकारी कार्यक्रम में पहुंचने से पूर्व रास्ते में शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला मुरमा में भी बच्चों के बीच आकर शिक्षा से व्यक्ति बेहतर विकास कर सकता है बताते हुए पुरस्कार वितरण किए।

### चाइल्ड पोर्नोग्राफी मामले में युवक गिरफ्तार

**अंबिकापुर।** सरगुजा में चाइल्ड पोर्नोग्राफी के खिलाफ कार्रवाई लगातार जारी है। एक साथ अपचारी समेत आठ आरोपियों को गिरफ्तार करने के साथ ही अब पुनः एक युवक को पकड़ा गया है। पुलिस ने आरोपी से घटना में उपयोग किए गए मोबाइल फोन व सिम कार्ड को बरामद किया है। बता दें कि सरगुजा में चाइल्ड पोर्नोग्राफी के खिलाफ पुलिस द्वारा विशेष अभियान चलाकर कार्रवाई की जा रही है। महिलाओं व बच्चों की अश्लील फोटो वीडियो सोशल मीडिया में अपलोड करने व वायरल करने के मामले में आठ लोगों को गिरफ्तार किया गया था। वहीं अब पुलिस ने चाइल्ड पोर्नोग्राफी के मामले में शहर के सदर रोड कदम्मी चौक निवासी 28 वर्षीय अभिषेक गुप्ता को पकड़ा गया है। पुलिस ने युवक के मोबाइल फोन व सिमकार्ड को जब्त कर पूछताछ की तो उसने अपना जुर्म कबूल कर लिया। पुलिस ने इस मामले में आरोपी के विरुद्ध धारा 67(बी) आईटी एक्ट, पोक्सो एक्ट की धारा 14 (1) के तहत अपराध दर्ज कर गिरफ्तार किया गया है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी कोतवाली मनीष सिंह परिहार, प्रधान आरक्षक छत्रपाल सिंह, आरक्षक उपेंद्र सिंह, शिव राजवाड़े, शामिल रहे।

## कोरबा संसदीय निर्वाचन में 27 उम्मीदवार मैदान में


# महिला मतदाता तय करेंगी प्रत्याशियों की किस्मत

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

तृतीय चरण में होने वाले कोरबा लोकसभा संसदीय सीट के लिए 7 मई को मतदान होना है। यहां 27 उम्मीदवार चुनावी मैदान में है, जिनके भाग्य का फैसला इस बार महिला मतदाता करेंगे। कोरबा संसदीय सीट के अंतर्गत 4 जिले के 8 विधानसभा के 16 लाख से अधिक मतदाता लोकतंत्र के महापर्व मतदान में हिस्सा लेंगे।

■ 7 मई को सुबह 7 से शाम 6 तक होगा मतदान

कोरबा जिले के रामपुर, कोरबा, कटघोरा, पाली-तानाखार, कोरिया जिले के बैकुंठपुर, एमसीबी जिले के मनेन्द्रगढ़, भरतपुर-सोनहत तथा गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही जिले के मरवाही विधानसभा सीट शामिल है। इस बार कोरबा संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से 27 उम्मीदवार मैदान में हैं। राष्ट्रीय मान्यता प्राप्त एवं राज्य राजनैतिक दलों से तीन प्रत्याशी हैं, वहीं पंजीकृत राजनैतिक दलों के अभ्यर्थियों की संख्या छह है, जबकि निर्दलीय प्रत्याशियों की संख्या 18 है। उल्लेखनीय है कि कोरबा संसदीय सीट के अंतर्गत आने वाले चारों जिलों के आठों विधानसभावार मतदाताओं की जानकारी के अनुसार रामपुर विधानसभा में 1 लाख 10 हजार 164 पुरुष मतदाता हैं, वहीं महिला मतदाताओं की संख्या 1 लाख 14 हजार 600 है। कोरबा विधानसभा में 1 लाख 31 हजार 365 पुरुष तो महिला मतदाता 1 लाख 30 हजार 779 है। कटघोरा विधानसभा में 1 लाख 9 हजार 111 पुरुष मतदाता हैं, वहीं महिला मतदाताओं की संख्या 1 लाख 7 हजार 838 है। पाली-तानाखार विधानसभा में 1 लाख 10 हजार 164 पुरुष तो महिला मतदाता 1 लाख 14 हजार 600 है। भरतपुर-सोनहत विधानसभा में 87 हजार 687 पुरुष मतदाता हैं, वहीं महिला मतदाताओं की संख्या 90 हजार 208 है। मनेन्द्रगढ़ विधानसभा में 68 हजार 123 पुरूष मतदाता हैं, वहीं महिला मतदाताओं की संख्या 67 हजार 180 है। बैकुंठपुर विधानसभा में 85 हजार 127 पुरूष मतदाता हैं, वहीं महिला मतदाताओं की संख्या 85 हजार 635 है तथा मरवाही विधानसभा में 96 हजार 530 पुरूष मतदाता हैं, तो महिला मतदाताओं की संख्या 1 लाख 1 हजार 355 है। इस तरह आठों विधानसभा में पुरूष मतदाओं की संख्या 8 लाख 3 हजार 332 और महिला मतदाताओं की संख्या 8 लाख 15 हजार 52 है। अब बुजुर्गों व दिव्यांग मतदाताओं की बात करें तो कोरबा लोकसभा संसदीय सीट में 85 वर्ष या उससे अधिक उम्र के मतदाताओं की संख्या 6 हजार 366 है तथा 40 प्रतिशत दिव्यांग मतदाताओं की संख्या 14 हजार 334 है तो थर्ड जेंडर मतदाताओं की संख्या मात्र 52 है। 18 से 19 वर्ष आयु के मतदाताओं की संख्या 46 हजार 831 है। वर्ष 2019 के लोकसभा निर्वाचन में मतदान प्रतिशत 76.30 था। इस तरह 7 मई को होने वाले लोकसभा निर्वाचन के लिए 2 हजार 23 मतदान केन्द्र बनाए गए हैं। 137 क्रिटिकल मतदान केन्द्र हैं, एक हजार 9 वेब कास्टिक मतदान केन्द्र बनाए गए हैं, जबकि शेडो एरिया 81 है, इसमें 16 लाख 18 हजार 437 मतदाता सहभागी बनेंगे।





### लोकसभा में अब तक जीते-हारे प्रत्याशियों का ब्यौरा

वर्ष 2009 में कांग्रेस उम्मीदवार डॉ.चरणदास महंत ने तीन लाख 14 हजार 616 वोट हासिल कर जीत अर्जित की थी, जबकि भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार रहीं करूणा शुक्ला को दो लाख 93 हजार 879 वोट मिले थे। उस समय मतदान प्रतिशत 58.41 रहा। वहीं वर्ष 2014 में दूसरी बार हुए चुनाव में मतदाताओं की संख्या 14 लाख 23 हजार 279 हो गए यानी पांच वर्ष में एक लाख 47 हजार 286 मतदाता बढ़े। इस चुनाव में भाजपा प्रत्याशी स्व. डॉ.बंशीलाल महतो जीत हासिल की थी, उन्हें चार लाख 39 हजार दो वोट प्राप्त हुए थे, जबकि कांग्रेस प्रत्याशी डॉ.चरणदास महंत चार लाख 34 हजार 737 वोट हासिल किए थे। इस चुनाव में 10 लाख 52 हजार 720 मतदाताओं ने वोट डाला और मतदान का प्रतिशत बढ़कर 73.95 प्रतिशत दर्ज किया गया था। तीसरी बार जब वर्ष 2019 में चुनाव हुए तो मतदाताओं की संख्या गत चुनाव के मुकाबले 85 हजार 111 बढ़े। कुल मतदाताओं की संख्या 15 लाख 8 हजार 840 हो गई। इस चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी श्रीमती ज्योत्सना महंत को पांच लाख 23 हजार 310 वोट प्राप्त कर जीत हासिल की, जबकि भाजपा प्रत्याशी ज्योतिनंद दुबे को चार लाख 97 हजार 61 वोट मिले थे। इस चुनाव में 11 लाख 36 हजार 903 मतदाताओं ने मतदान किया था और मतदान का प्रतिशत 75.35 हो गया था। विगत 15 वर्षों की बात की जाए तो तीन लाख 41 हजार 994 मतदाता बढ़ गए हैं।

### 15 वर्षों में तीन लाख 41 हजार 994 मतदाता बढ़े

कोरबा लोकसभा का यह चौथा चुनाव होने जा रहा है। वर्ष 2009 में मतदाताओं की संख्या 12 लाख 76 हजार 443 थी, जो बढ़कर 16 लाख 18 हजार 437 हो गई है। अब तक इस क्षेत्र में तीन बार चुनाव हो चुके हैं और लगातार हर चुनाव में मतदान का प्रतिशत बढ़ता जा रहा है। इस बार उम्मीद की जा रही है कि तेज गर्मी के बावजूद अपने मताधिकार का प्रयोग करने घरों से मतदाता निकलेंगे, इसके लिए प्रशासनिक स्तर पर भी कवायद की जा रही है।

# लोकसभा चुनाव के लिए केन्द्रीय बल पहुंचा कोरिया



प्रशिक्षण देते अधिकारी।



प्रशिक्षण में उपस्थित केंद्रीय बल के जवान।

**बैकुण्ठपुर।** आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज बैकुंठपुर एवं एकलव्य छात्रावास सोनहत में बाहर से आई सेंट्रल फोर्स को चुनाव ड्यूटी संबंधी विभिन्न बिंदुओं पर जागरूक किया गया। एसपी सूरज सिंह परिहार के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एवं चुनाव नोडल अधिकारी श्रीमती मोनिका ठाकुर के मार्गदर्शन में प्रदाय उपरोक्त प्रशिक्षण में आदर्श आचार संहिता, फोर्स डेप्लॉयमेंट, सीपी फ्लैग मार्च, बूथ में ड्यूटी, लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, संपत्ति विरूपण अधिनियम, आमसभा जुलूस, रेस्ट हाउस के संबंध में चुनाव ड्यूटी, क्या करें एवं क्या ना करें इत्यादि के संबंध में बाहर से सीआरपीएफ एवं आईटीबीपी फोर्स को जानकारी से अवगत कराया गया। कार्यशाला में फोर्स को जिले की सामान्य जानकारी, संसदीय क्षेत्र, विधान सभा क्षेत्र, मतदान केन्द्रों के वर्गीकरण के संबंध में बताया गया, इसके अतिरिक्त सीएपीएफ की विभिन्न ड्यूटी जो उनसे ली जाने वाली, आदर्श आचार संहिता के पालन, बल को मतदान दिवस के पूर्व, मतदान दिवस के दिन एवं मतदान दिवस के बाद क्या-क्या करना है, इस संबंध में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। साथ ही बताया गया कि आपको क्या-क्या नहीं करना है। उल्लेखनीय है कि शांतिपूर्ण और निष्पक्ष लोकसभा चुनाव संपन्न कराने के लिए जिला पुलिस बल, फॉरेस्ट गार्ड, होमगार्ड, एसईसीएल गार्ड, कोटवार के अतिरिक्त जिले को 3 सीआरपीएफ और 1 आईटीबीपी कंपनी अतिरिक्त तौर पर आवंटित की गई है। प्रत्येक कंपनी के लिए थाने से 01-01 लायजनिंग अधिकारी और कर्मचारी को नियुक्त किया गया है। बैकुंठपुर में एसडीओपी बैकुंठपुर कविता ठाकुर, डीएसपी श्याम मधुकर, वहीं सोनहत में एसडीओपी सोनहत राजेश साहू, प्रशिक्षु डीएसपी रविकांत सहारे ने प्रशिक्षण दिया। उपरोक्त प्रशिक्षणों में थाना प्रभारी बैकुंठपुर, यातायात प्रभारी, रक्षित निरीक्षक, थाना प्रभारी सोनहत एवं जिला विशेष शाखा प्रभारी उपस्थित रहे।



स्टांग रूम में पहुंचे कलेक्टर विनय कुमार लंगेह।

# ईवीएम एवं वीवीपेट मशीन की कमिशनिंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी विनय कुमार लंगेह की उपस्थिति में लोकसभा निर्वाचन अंतर्गत जिले के 306 मतदान केन्द्रों के लिए ईव्हीएम एवं वीवीपैट मशीन की कमीशनिंग मंगलवार को रामानुज हायर सेकेंडरी स्कूल बैकुंठपुर परिसर में स्थित स्ट्रांग रूम में प्रारंभ किया गया।

■ कलेक्टर ने सावधानी पूर्वक मशीनों की कमिशनिंग करने के लिए निर्देश

कमिशनिंग के पूर्व कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी एवं विभिन्न राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के उपस्थिति में स्ट्रांग रूम खोला गया। तत्पश्चात जिले में लोकसभा निर्वाचन के लिए मतदान दलों के लिए इव्हीएम एवं वीवीपैट मशीन का कमिशनिंग कार्य पूरा किया जा रहा है, इसके लिए प्रशिक्षित अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा कार्य किया जा रहा है। कलेक्टर श्री लंगेह ने कमिशनिंग कार्य में लगे अधिकारी-कर्मचारियों से सावधानी, सजगता एवं कुशलतापूर्वक अच्छी तरह मशीनों की जांच करें। किसी भी तरह की आशंका होने पर तत्काल अपनी जिज्ञासाओं का समाधान करें।

इस अवसर पर सहायक रिटर्निंग ऑफिसर श्रीमती अंकिता सोम, अपर कलेक्टर अरूण कुमार मरकाम, डिप्टी कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती दीपिका नेताम, डिप्टी कलेक्टर राकेश साहू, राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि एवं अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

### बस की टक्कर से महिला घायल, किया गया रिफर

**राजपुर।** सोमवार को बस की चपेट में आने से एक वृद्धा गंभीर रूप से घायल हो गई। घायल वृद्धा को प्राथमिक उपचार के बाद मेडिकल कॉलेज अस्पताल रिफर कर दिया गया है। बरियों चौकी अंतर्गत ग्राम सिधमा घुटरापारा निवासी 60 वर्षीया करमतिया पति रामलाल आज सुबह घर से छठी कार्यक्रम में शामिल होने ग्राम ठरकी जा रही थी। राजपुर बस स्टैंड में महिला कुछ सामान लेने के लिए रुकी थी। इसी बीच सुबह 10 बजे रणबीर बस रणबीर ने महिला को चपेट में लिया। बस की टक्कर से महिला गंभीर रूप से घायल हो गई जिसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया जहां स्थिति गंभीर देखते हुए अंबिकापुर के लिए रेफर कर दिया गया है।

# मतदान कराना सर्वाधिक महत्वपूर्णः डॉ. आशुतोष

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर



प्रशिक्षण कार्यक्रम को संबोधित करते जिला पंचायत सीईओ।

लोकतंत्र के महापर्व में प्रत्येक मतदाता महत्वपूर्ण है और उनके साथ मृदु व्यवहार रखते हुए हमें मतदान का यज्ञ पूरा करवाना है।

बढ़ती गर्मी में हो सकता है कि कोई मतदाता थोड़ा मुश्किल से गुजरकर आपके केन्द्र में मतदान करने पहुंचा हो, उस समय की परिस्थितियों को एकदम शांतचित्त होकर निपटाना और निष्पक्ष मतदान संपन्न कराना ही हमारे प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य है। उक्ताशय के निर्देश देते हुए प्रशिक्षण के नोडल अधिकारी जिला पंचायत सीईओ डॉ.आशुतोष चतुर्वेदी ने प्रशिक्षण कार्यक्रम में हिस्सेदारी करते हुए सभी से प्रशिक्षण के बिंदुओं पर विस्तार से बात की। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी विनय कुमार लंगेह के मार्गदर्शन में 30 अप्रैल को जिला पंचायत परिसर में मंथन कक्ष में दिव्यांग मतदान केन्द्रों, विशेष रिजर्व दल, आडिटोरियम में संगवारी मतदान केन्द्रों के अधिकारियों और कर्मचारियों का एक दिवसीय प्रशिक्षण प्रदान किया गया, इसके अलावा आडिटोरियम में संगवारी मतदान केन्द्रों में नियुक्त किए गए महिला मतदान अधिकारियों का विशेष प्रशिक्षण प्रदान किया गया। इस दौरान सभी का उत्साह वर्धन करते हुए जिला पंचायत सीईओ ने कहा कि विधानसभा चुनाव में आप सभी ने बेहतर कार्य किया है और उनके साथ कुछ और सदस्य जुड़े हैं। सभी को अपना दायित्व बेहतर तरीके से पता है, आप सभी को केवल शांत दिमाग से सिर्फ नियत निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार काम करना है, इसके लिए आपको सहयोग करने के लिए कई स्तर पर अधिकारी और कर्मचारियों को नियुक्त किया गया है। इस दौरान जिला पंचायत कोरिया की उप संचालक पंचायत श्रीमती ऋतु साहू,सहायक परियोजना अधिकारी केके गुप्ता सहित कुशल प्रशिक्षक उपस्थित रहे।

# मिलेट्स व गढ़ कलेवा स्व सहायता समूह का शैक्षणिक भ्रमण

**बैकुण्ठपुर।** शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय बैकुंठपुर की प्राचार्य डॉ.रंजना नीलिमा कच्छप के निर्देशन एवं डॉ. पवन कुमार उपाध्याय के मार्गदर्शन में महाविद्यालय की 11 छात्राओं ने मिलेट्स व गढ़ कलेवा स्वयं सहायता समूह का शैक्षणिक भ्रमण किया। इसमें अनिता, अंजू, द्रोपती, कविता कुशवाहा, खुशी कोरी, रामबाई, रीतु सिंह, पुष्पा सिंह, रूपा, सुरेखा व सुशीला शामिल रही।

इन छात्राओं ने एमए अर्थशास्त्र द्वितीय सेमेस्टर के पाठ्यक्रम के अनुसार चतुर्थ प्रश्न-पत्र के स्थान पर सोशल आउटरिच व कौशल विकास के अंतर्गत लघु शोध को पूर्ण करने के लिए मिलेट्स व गढ़ कलेवा स्वयं सहायता समूह का शैक्षणिक भ्रमण कर ऑकड़े इकट्ठा किए। इसमें मिलेट्स कैफे रोशनी महिला स्वयं सहायता समूह द्वारा संचालित किया जा रहा है, जिसकी प्रमुख खुर्शीदा बानों ने छात्राओं को बताया। इस समूह में लगभग 30 लोग कार्य कर रहे हैं और समूह बहुत अच्छी तरीके से कार्य करते हुए लगभग दो से ढ़ाई गुना लाभ कमाते हुए बैकुंठपुर में जनता को अच्छे मिलेट्स व्यंजन उपलब्ध कराते हुए उनके स्वास्थ्य को लाभदायक बना रहे हैं। समूह से जुड़े सभी कर्मचारियों ने समूह के बारे में बताया कि समूह से उनकी आर्थिक स्थिति काफी सुदृढ़ हुई है और उनके जीवन का स्तर काफी सुधरा है और वे अच्छा खासा बचत भी कर लेते हैं, जो उनके भविष्य के लिए काफी लाभदायक है।



भ्रमण करती शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय की छात्राएं।

समूह में और अधिक कर्मचारी जुड़ने का प्रयास कर रहे हैं। इसीक्रम में गढ़ कलेवा स्वयं सहायता समूह जो कि एकता महिला स्वयं सहायता समूह के द्वारा संचालित किया जा रहा है, इसके प्रमुख अनुराधा व खुशबू ने बताया कि गढ़ कलेवा भी समूह द्वारा बहुत अच्छे तरीके से कार्य करते हुए दो से ढ़ाई गुना लाभ कमा रहा है।

## राहगीर होते हैं परेशान, रोजाना बढ़ रही गर्मी

# अप्रैल बीता लेकिन शहर में नहीं खुले सार्वजनिक प्याऊ

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

जिले में गर्मी की शुरूआत मार्च महिने से हो गई और अब अपै्रल का महीना बीत गया। तापमान बढ़ता जा रहा है और तेज धूप से लोगों को झुलसना पड़ रहा है।

गर्मी के दिनों में लोगों को प्यास अधिक लगती है। कई लोग ऐसे हैं, जो गर्मी के इस सीजन में पेयजल के लिए भटकते भी रहते हैं। ऐसे में शहर क्षेत्र में अप्रैल बीतने को है, इसके बाद भी नगर पालिका परिषद बैकुंठपुर द्वारा सार्वजनिक प्याउ अब तक नहीं खोल पाया है। इसके कारण जिला मुख्यालय बैकुंठपुर में ग्रामीण क्षेत्र से आने वाले व अन्य जगहों से आने वाले लोगों को पेयजल के लिए भटकना पड़ रहा है। शहर के भीड़-भाड़ वाले क्षेत्र बस स्टैंड में विभिन्न रूटों की बसें चलती है , इसमें यात्रियों का आना-जाना लगा रहता है। जहां पर पेयजल के लिए लोगों को परेशान होना पड़ता है, इसके अलावा कई अन्य जगह है, जहां लोगों की आवाजाही अधिक रहती है, बावजूद इसके अब तक नगर पालिका द्वारा सार्वजनिक प्याउ की व्यवस्था नहीं कर पाया है। इस भीषण गर्मी में शहर के सार्वजनिक जगहों पर नपा द्वारा सार्वजनिक प्याउ खोल दिया जाता है तो इसका लाभ शहर में पहुंचने वाले लोगों को मिल सकेगा और गर्मी में उन्हें पेयजल के लिए भटकना नहीं पड़ेगा।



शहर में सार्वजनिक प्याऊ की कमी

उल्लेखनीय है कि जिला अस्पताल परिसर में भारत स्काउट गाईड के द्वारा सार्वजनिक पेयजल की व्यवस्था की गई है , इसके अलावा महिला मंडल द्वारा शहर के सुभाष चौक के पास सार्वजनिक पेयजल की व्यवस्था की गई है, साथ ही शहर के कई प्रमुख सार्वजनिक स्थल है, जहां पर पेयजल की कोई व्यवस्था नहीं है।

### नपाध्यक्ष के पत्र के बाद भी नहीं खुला प्याउ

इस समय पड़ रही गर्मी को देखते हुए कुछ दिनों पूर्व नपाध्यक्ष श्रीमती नविता शिवहरे ने मुख्य नगर पालिका अधिकारी को पत्र लिखकर शहर के सार्वजनिक स्थलों पर प्याउ की व्यवस्था करने को लेकर पत्र लिखा था और मांग की गई थी कि जल्द सार्वजनिक प्याउ शहर क्षेत्र में खोले जाए।

### ज्वेलर्स से युवक ने पार की सोने की चेन, अपराध दर्ज

**अम्बिकापुर।** जेवर दुकान संचालक को ग्राहक बनकर आए युवक ने न सिर्फ बातों में उलझाया बल्कि सोने की चैन खरीदने के बहाने दुकान से लगभग 1 लाख से अधिक कीमत का चैन पार कर दिया। रिपोर्ट पर पुलिस ने अपराध दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार बरेजपारा निवासी विशाल सोनी आ. स्व. नंद किशोर सोनी (30 वर्ष) देवीगंज रोड में ज्वेलर्स दुकान का संचालन करता है। शनिवार की दोपहर दुकान में था । इसी दौरान एक अज्ञात व्यक्ति खरीदारी करने पहुंचा और सोने का चैन दिखाने को कहा। संचालक सोने का चैन दिखाने लगा तभी अज्ञात व्यक्ति दुकान संचालक को बातों में कुछ देर तक उलझाए रखा फिर लगभग 1 लाख से अधिक कीमत के सोने का चैन लेकर चला। चैन चोरी होने की जानकारी दुकान संचालक को तब लगी जब सोने का चैन मिलान किया तो एक चैन गायब था। संचालक ने दुकान में रखे सीसीटीवी कैमरा का फुटेज देखा तो अज्ञात व्यक्ति सोने का चैन चोरी करते नजर आया। दुकान संचालक की रिपोर्ट पर कोतवाली पुलिस ने अज्ञात के विरूद्ध धारा 379 के तहत अपराध दर्ज किया है।

## खबर संक्षेप

### स्वर्णाभूषण सहित हजारों का माल पार

**कोरबा।** कुसमुण्डा थाना क्षेत्र के क्वा.नं. बी-49 विकास नगर कुसमुण्डा निवासी दशरा एसईसीएल कुसमुण्डा में सफाई निरीक्षक के पद पर कार्य करता है। 29 अप्रैल की सुबह 7 बजे से वह अपनी डयूटी पर जी.एम. आफिस कुसमुण्डा गया था। दशरा के बच्चे 28 अप्रैल को अपने निजी कार्य से भिलाई गये थे। उन्हे वापस लाने के लिए करीब 12 बजे दशरा अपने कार्यालय से वापस घर गया घर के आंगन में मोटर सायकल को छोड़कर आटो में कोरबा रेल्वे स्टेशन गया। घर में ताला बंद था। कोरबा से करीबन 2:10 बजे अपने परिवार संहित वापस घर आया तब दशरा व उसके परिजन ताला खोलकर घर के अंदर गये तो देखे बेडरूम का आलमारी खुला हुआ था। कपड़ा, पर्स, वगैरह बिखरा हुआ है। किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा आलमारी में रखे सोने के जेवरात दो नग अंगूठी, एक नग चैन, एक जोड़ी लटकन एवं नगदी रकम 10 से 12 हजार रूपये को चोरों ने पार कर दिया है। प्रार्थी की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर मामले की जांव शुरु कर दी है।

### विश्व दिवस के अवसर कार्यक्रम का आयोजन

**कोरबा।** एसईसीएल क्षेत्रीय मुख्यालय कोरबा क्षेत्र में कार्यस्थल पर सुरक्षा व स्वास्थ्य के लिए विश्व दिवस के अवसर पर आरके गुप्ता महाप्रबंधक (संचालन), एसईसीएल कोरबा क्षेत्र द्वारा सुरक्षा ध्वज फहराया गया। इसके उपरांत कोल इंडिया के कारपोरेट गीत का समवेत स्वर में गायन किया गया। कोल इंडिया के चेयरमैन का संदेश को सुनाया गया। इस अवसर पर समस्त अधिकारीगण व कर्मचारी उपस्थित हुए। कार्यक्रम के प्रारंभ में सभी कर्मचारियों को सुरक्षा बैज लगाया गया। महाप्रबंधक ने कहा कि कोल इंडिया में कोयला उत्पादन का कार्य चुनौती पूर्ण है। जहाँ प्रति दिन शून्य दुर्घटना का लक्ष्य के साथ उत्पादन करते है। सुरक्षा के लिए हमेशा सतर्क रहना पड़ता है। आज का उद्देश्य कार्यस्थल पर सुरक्षा व स्वास्थ्य को बढ़ावा देना है। जिससे कि प्रत्येक कर्मचारी अपने सुरक्षा व स्वास्थ्य के प्रति सजग हो सके। मानिकपुर कोरबा क्षेत्र के कामगारों के द्वारा नुक्कड़ नाटक के द्वारा कामगारों को जागरूक किया गया। इस अवसर पर सभी खानों में सुरक्षा धवज फहराकर सुरक्षा व स्वास्थ्य के प्रति शपथ ली गई। क्षेत्रीय सुरक्षा अधिकारी इस्माईल कुरेशी द्वारा भी सभा को संबोधित किया गया तथा इसके महत्व पर प्रकाश डाला गया।

### सरस्वती स्कूल का परीक्षा परिणाम रहा उत्कृष्ट

**कोरबा।** सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोरबा में मुख्य अतिथि शंकरलाल टमकोरिया कोषाध्यक्ष सरस्वती शिक्षा समिति कोरबा के मुख्य आतिथ्य में एवं योगेश कुमार गोयल, प्रबंधकारिणी सदस्य, सरस्वती शिक्षा समिति, कोरबा की अध्यक्षता में स्थानीय परीक्षा के परीक्षाफल घोषणा एवं पुरस्कार वितरण का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। प्राचार्य विद्यानंद पाण्डेय ने अतिथिगणों का परिचय प्रस्तुत किया। मुख्य अतिथि सभी भैया/बहिनों को परीक्षाफल की बधाई दी और कहा कि परीक्षा बहुत कठिन चीज है जिसमें उत्तीर्ण होना उससे भी बड़ी चीज है। जिन भैया/बहिनों ने कठिन परिश्रम करके आज अच्छी सफलता प्राप्त की है इन्हें बधाई दी गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे श्री गोयल ने कहा कि पढ़ाई एक समान होती है तथा मेहनत भी सभी विद्यार्थी करते हैं लेकिन प्रथम कोई एक ही आता है इसका कारण है कि वह सबसे हटकर कुछ अलग ही करता है।

### मतदान सुविधा केंद्र का प्रेक्षक ने किया निरीक्षण

**कोरबा।** सामान्य प्रेक्षक प्रेम सिंह मीणा, कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अजीत वसंत ने सोमवार को लोकसभा सामान्य निर्वाचन के दौरान कोरबा संसदीय क्षेत्र अंतर्गत आने वाले सामान्य निर्वाचन कर्तव्य पर तैनात अधिकारी-कर्मचारियों के मतदान हेतु बनाए गए सुविधा केंद्र का निरीक्षण कर डाक मतपत्र द्वारा किए जा रहे मतदान प्रक्रिया का अवलोकन किया। प्रेक्षक श्री मीणा ने डाक मतपत्र द्वारा मतदान के संबंध में दूसरे जिलों में भी सूचना प्रेषित करने के निर्देश दिए।

---

वाहन छोड़कर चालक फरार

# पिकअप ने बाइक सवारों को मारी टक्कर, 3 घायल



घायलों का अस्पताल में चल रहा इलाज।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोतबा

क्षेत्र के ग्राम पंचायत फरसाटोली में डीजे लोड पिकअप क्रमाक सीजी 13 यूजी 3381 ने सामने से आ रहे बाइक सावर को जोरदार टक्कर मारी।

हादसे में एक 8 साल की मासूम सहित दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। जिसमे एक 8 साल की मासूम बच्ची की पैर टूट गया साथ ही बाइक चालक प्रदीप कुमार व पीछे बैठे शकर मुंडा को भी गभीर चोट आई है। जिनका इलाज कोतबा प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में चल रहा है। बाइक चालक प्रदीप व उसके साथी जामटोली से खमगड़ा जा रहे थे उसी द्दरान सामने की ओर से तेज रफ्तार व ओवर लोड पिकअप आ रही थी। कोतबा एसआई समरेंद्र सिंह मामले में वाहन एफआईआर दर्ज कर लिया गया है घायलो को स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती करा दिया गया है फरार पिकअप चालक की पता तालाश की जा रही है।

## नहीं रुक रही सड़क दुर्घटना

**जशपुरनगर।** पांच दिन पहले 26 अप्रैल शुक्रवार को हरिभूमि ने लगातार हो रही सड़क दुर्घटना, जिम्मेदार कौन शीर्षक पर प्रमुखता से खबर छापी थी। मंगलवार को सुबह के समय फिर सड़क दुर्घटना में दो बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गए है। घटना में दो बाइक सवार युवक नदीम और रबूल जो की गम्हरिया स्थित राजा गैरेज में मैकेनिक का काम करते थे तेज रफ्तार से गम्हारिया की ओर जा रहे थे। कल्याण आश्रम हॉस्पिटल के पास सड़क पर लगे बेरीकेट से टकराकर गंभीर रूप से घायल हो गए। बाइक की रफ्तार इतनी ज्यादा थी ओर टक्कर इतनी जबरजस्त थीं की बाइक सवार दोनो युवक उछल कर बहुत दूर जाकर गिरे जिससे उनके सिर और शरीर के बाकी हिस्सों में गंभीर चोटें आई है। दोनों को जिला अस्पताल में प्राथमिक चिकित्सा के बाद रांची रेफर किया गया है। डाक्टरों का कहना है की दोनो युवकों को गंभीर चोटें आई है। एक युवक की स्थिति नाजुक है।

■ फिर दो युवक हुए गंभीर रूप से घायल



---



सभा स्थल का जायजा लेती विधायक रायमुनी भगत।

# पंडरा पाठ में चुनावी सभा को संबोधित करेंगे मुख्यमंत्री आज

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

लोकसभा चुनाव के मद्देनजर बुधवार को मुख्यमंत्री की जनसभा पंडरापाठ में होगी। कार्यक्रम को लेकर भाजपा के तरफ से सभी व्यापक तैयारियां पूर्ण कर ली गई है।

मिली जानकारी के अनुसार मुख्यमंत्री बनने के बाद विष्णुदेव बुधवार को पहली बार पंडरापाठ पहुंच रहे हैं। मुख्यमंत्री यहां भाजपा द्वारा आयोजित विशाल जनसभा को संबोधित करेंगे। यहां मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय हेलीकॉप्टर से बुधवार की दोपहर 12.30 बजे पहुंचेंगे और कार से देव संस्कृति ग्राउंड पहुंच आयोजित कार्यक्रम में शिरकत करेंगे। यह जनसभा दोपहर 1.30 बजे तक चलेगा, जिसके उपरांत मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय 1.30 से 1.50 तक कार्यकर्ताओं से मुलाकात करेंगे और हेलीकॉप्टर के माध्यम से 1.50 बजे सीतापुर के लिए रवाना होंगे। कार्यक्रम की तैयारी को लेकर जशपुर विधायक श्रीमती रायमुनी भगत के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ता कार्यक्रम स्थल पर पहुंच तैयारी का जायजा लिये। यहां सुरक्षा के व्यापक इंतजाम सहित गर्मी को देखते हुवे सभी व्यापक तैयारी पूर्ण कराई जा रही है। आम जनों के लिए पानी की समुचित व्यवस्था सहित अन्य सभी व्यापक इंतजाम यहां किए जा रहे हैं। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष सुनील गुप्ता, महामंत्री भरत सिंह और मुकेश शर्मा, ओमप्रकाश सिन्हा, कृपाशंकर भगत, राहुल गुप्ता, दीपू मिश्रा सहित अन्य कार्यकर्ता और पदाधिकारी मौजूद रहे।

■ भाजपा की ओर से की जा रही व्यापक तैयारी

---

# मंत्रणा सभा कक्ष में कमांड सेंटर किया जाएगा स्थापित

**जशपुरनगर।** आगामी लोकसभा निर्वाचन 2024 मतदान दिवस के दिन मॉनिटरिंग करने के लिए कलेक्ट्रेट स्थित मंत्रणा सभा कक्ष में कमांड सेंटर के रूप में स्थापित किया जा रहा है। मतदान दिवस के दिन कमांड सेंटर से प्रत्येक गतिविधियों पर निगरानी एवं नजर रखी जाएगी। इस तैयारी हेतु जिला पंचायत सीईओ अभिषेक कुमार की उपस्थिति में ई जिला प्रबंधक श्री निलंकार बासु ने ड्यूटी में लगे सभी अधिकारी कर्मचारियों को कमांड सेंटर में संचालित करने के लिए विभिन्न विषय वस्तुओं पर प्रशिक्षण दिया। मतदान दिवस के दिन प्रत्येक 2 घंटे की रिपोर्टिंग, मतदान केंद्रों में किए जाने वाले वेब कास्टिंग, मीडिया मॉनिटरिंग, ईवीएम की तकनीकी समस्या की निगरानी करने संबंधी जानकारी दी गई। जिला पंचायत सीईओ अभिषेक कुमार ने सभी अधिकारी कर्मचारियों को कमांड सेंटर में सॉफ्टवेयर के कार्यों को समझ कर बेहतर कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने रिपोर्टिंग प्रारूप, शैडो एरिया से जानकारी लेना, वेब कास्टिंग वाले मतदान केंद्र में आवश्यक व्यवस्था हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

■ मतदान के दिन कमांड सेंटर से प्रत्येक गतिविधियों पर रखी जाएगी नजर



बैठक में जानकारी देते अधिकारी।

# नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में फरार आरोपी 24 घंटे के भीतर गिरफ्तार




पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

जशपुर जिले के थाने में एक ग्राम की 34 प्रार्थिया ने 28 अप्रैल को रिपोर्ट दर्ज कराई कि 17 अप्रैल के दोपहर में यह अपनी 14 वर्षीय पुत्री को अपने खेत-बाड़ी में लगे फसल को देख-रेख करने हेतु भेजी थी, जो शाम-रात तक वापस नहीं आई। उसकी पुत्री 19 अप्रैल को प्रातः में वापस घर आई और गुमशुम रहने एवं स्वास्थ्य खराब रहने पर प्रार्थिया द्वारा पूछताछ करने पर बताई कि 17 अप्रैल को उक्त खेत बाड़ी के पास 03 व्यक्ति एक मोटर सायकल में आए और बहला-फुसलाकर जबरदस्ती साथ में बैठाकर दूसरे गांव में ले जाकर रात्रि में एक घर-कमरा में रखे। उन व्यक्तियों में से एक व्यक्ति ने जबरदस्ती दुष्कर्म किया। शेष 2 व्यक्ति कमरा के बाहर पहरा दे रहे थे। 18 अप्रैल को भी दुष्कर्म करने वाला व्यक्ति नाबालिग बालिका को अपने साथ में रखा था। रात्रि करीबन 12 से 1 बजे के बीच वह व्यक्ति अपने साथी के साथ मोटर सायकल से पीड़िता को उसके घर के बाहर पहुंचा कर वहां से चल दिया। प्रार्थिया की रिपोर्ट पर अभियुक्तगणों के विरूद्ध धारा 363, 366(क), 376(डी), 342, 368 एवं 5, 6 पाक्सो एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण की संवेदनशीलता को देखते हुये पुलिस अधीक्षक जशपुर द्वारा टीम गठित कर आरोपियों की पतासाजी एवं गिरफ्तारी के निर्देश दिये गये थे, टीम में महिला अधिकारियों को भी सम्मिलित किया गया था। टीम द्वारा अलग-अलग ठिकानों पर दबिष देकर सभी अभियुक्तों को अभिरक्षा में लेकर पूछताछ किया गया जो उक्त अपराध को घटित करना स्वीकार किये एवं मेमोरंडम कथन में घटना में प्रयुक्त मोटर सायकल को जप्त किया गया है। आरोपीगण 1-सोहित राम उम्र 24 साल एवं 2-हेमंत राम उम्र 18 साल 04 माह को 29 अप्रैल को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है, घटना में सम्मिलित शेष 02 अपचारी बालक उम्र क्रमशः 16 वर्ष 02 माह एवं 16 वर्ष से घटना के संबंध में पूछताछ उपरांत बाल संप्रेषण गृह भेजा गया।

# बाहर गए मजदूरों को पोस्टकार्ड के माध्यम से मतदान के लिए भेजा गया आमंत्रण





**जशपुरनगर।** जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ.रवि मित्तल के द्वारा आगामी लोकसभा चुनाव में शत प्रतिशत मतदान के लिए स्वीप कार्यक्रम चलाया जा रहा है। स्वीप के नोडल अधिकारी और जिला पंचायत सीईओ अभिषेक कुमार ने जिले के ग्राम पंचायतों से बाहर गए व्यक्तियों को विभिन्न माध्यमों से लोकसभा चुनाव के लिए 7 मई को मतदान केंद्र आकर अपने मताधिकार का प्रयोग करने की अपील की है। अबकी बार जनपद पंचायत कुनकुरी के ग्राम पंचायतों से बाहर गए 987 मजदूरों को पोस्टकार्ड के माध्यम से मतदान करने के लिए आमंत्रण भेजा गया है। जनपद पंचायत कुनकुरी के सीईओ केके श्रीवास के द्वारा दिल्ली में रह रहे 103 मजदूरों, हैदराबाद के 72, केरल के 98, पंजाब के 97, मुंबई के 93, गुजरात के 88, झारसुगुड़ा के 38, बेंगलुरु के 71, अंडमान के 95, गोवा के 49 और चेन्नई में रह रहे 103 मजदूरों को पोस्टकार्ड भिजवाया गया है। आमंत्रण पत्र में 'भेज रहे हैं आज पत्र, मतदाता तुम्हें बुलाने को , 7 मई को भूल न जाना, वोट डालने आने को।' और 'आईए मतदान करें, देश के जिम्मेदार नागरिक होने का कर्तव्य निभाएं। ' जैसे स्लोगन का उल्लेख किया गया है।

■ जिले से 987 मजदूर पंजाब केरल, उडीसा सहित कई राज्यों में गए हैं कमाने

---

# प्राथमिक शाला छिंदबहरी में 10 दिवसीय समरकैंप का आयोजन

**पत्थलगांव।** प्राथमिक शाला छिंदबहरी में ग्रीष्मकालीन अवकाश घोषित होते ही बच्चों की उत्सुकता को देखते हुए 10 दिवसीय समरकैंप का आयोजन किया जा रहा है। समर कैंप में बच्चों को विभिन्न प्रकार की शैक्षणिक और ज्ञानवर्धक गतिविधियां, खेल, नृत्य, गीत संगीत, आर्ट कुकिंग जैसी गतिविधियां सिखाए जा रहे हैं। शाला समिति व माताओं द्वारा बीच-बीच में सहयोग प्रदान किया जा रहा है। घर पर यह सब सिखने के लिए प्रेरित किया गया। साथ ही बताया गया,कि जरूरत पड़ने पर घर में बड़ी बहन,माता-पिता व दोस्तों से फोन के माध्यम से सहायता लेकर भी सिखा जा सकता है। कार्यक्रम का आयोजन FlN और नवाजतन के उद्देश्य को ध्यान में रखकर भी किया गया है। नवाजतन के तहत बच्चों को स्वयं से सीखने के लिए प्रेरित भी किया है स्वयं से भी आप सीख सकते हो यह आत्मविश्वास उनमें लाने की कोशिश की गई। मिट्टी के खिलौने बच्चों ने स्वयं से बनाए, कागज के खिलौने, चाय, पकौड़े, रंगोली गुड़िया, गत्ते और बांस का घर ये सब बच्चों ने स्वयं से बनाया इन्हीं का उदाहरण देकर बताया गया कि जब ये सब आप अपने से कर सकते हैं तो पढ़ाई भी कर सकते हैं। सभी बच्चों को अगले कक्षा की पाठ्य-पुस्तक भी बच्चों से उनकी पुरानी पुस्तकें लेकर उपलब्ध कराई गई। जिससे बच्चे ग्रीष्मकालीन अवकाश में खेल के साथ साथ शिक्षा से भी जुड़े रहें। जितने पालकों के पास एंड्रॉयड फोन है। उनको व्हाट्सएप ग्रुप में शामिल किया गया है और यह बताया गया है कोई भी समस्या आने पर ग्रुप के माध्यम से हल किया जा सकता है। पालकों ने कृषि के औजार भी खिलौने के रूप में बनाकर बच्चों को भेट किए और उसके उपयोग के बारे में भी जानकारी दी गई। समर कैंप के समापन के दौरान पालकों और माताओं की उपस्थिति भी सराहनीय रही। सभी ने कार्यक्रम भी प्रशंसा करते हुए कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम होते रहने चाहिये। समापन के दौरान जादुई पिटारा का भी प्रदर्शन किया गया उसमें रखी सामग्री पर भी चर्चा हुई और इ- जादुई पिटारा के बारे में भी जानकारी दी गई इसे डाउनलोड कर कैसे सीख सकते हैं बच्चे इस बारे में भी बताया गया और सभी से एप्प डाउनलोड करने का आग्रह किया गया। समापन के दौरान ही बच्चों को प्रगति पत्रक भी दिया गया, बच्चे बहुत उत्साहित थे, कार्यक्रम में बच्चे, पालक, शिक्षक माताओं और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं सभी का विषेश योगदान रहा। अंत में सभी की उपस्थिति और सहयोग के लिए आभार धन्यवाद प्रकट किया गया।



समरकैंप में शामिल बच्चे।

# मतदान दल के अधिकारी-कर्मचारियों को द्वितीय चरण का दिया गया प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

लोकसभा निर्वाचन 2024 हेतु मतदान दलों को द्वितीय प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इसी कड़ी में आज जशपुर विधानसभा क्षेत्र हेतु नियुक्त मतदान दल के 545 अधिकारी-कर्मचारियों को महारानी लक्ष्मी बाई कन्या विद्यालय जशपुर में प्रशिक्षण दिया गया। जिसमें पीठासीन अधिकारी एवं मतदान अधिकारी क्रमांक 01 से 03 तक शामिल थे। प्रशिक्षण हेतु उपस्थित सभी कर्मी पत्थलगांव एवं कुनकुरी विधानसभा क्षेत्र से हैं। प्रशिक्षण के दौरान सहायक रिटर्निंग ऑफिसर एवं जशपुर एसडीएम श्री प्रशांत कुशवाहा ने मतदान दल के सभी अधिकारी-कर्मचारियों को आवश्यक दिशा- निर्देश दिए। उन्होंने निर्वाचन संबंधी जानकारी देते हुए बताया कि प्रातः काल से मतदान शुरू करवाना है। मतदान के दौरान गर्मी से बचने के उपाय की जानकारी दी। उन्होंने मतदान प्रपत्रों को सही तरीके से भरने, ईडीसी मतदाताओं से मतदान कराने और उनका डाटा तैयार करने के निर्देश दिए। साथ ही महिला, दिव्यांग एवं बुजुर्गों को मतदान में प्राथमिकता देने की बात कही। उन्होंने चुनावी प्रक्रिया के दौरान किसी भी व्यसन का प्रयोग प्रतिबंधित करने के संबंध में जानकारी दी और मतदान केंद्र में मोबाइल का उपयोग प्रतिबंधित रखने के निर्देश दिए साथ ही मतदान दल में बेहतर समन्वय रखने की बात कही।



प्रशिक्षण प्राप्त करते अधिकारी- कर्मचारी।

---

पुलिसिंग में कसावट लाने एसपी ने दिए जिले के सभी थानों को निर्देश

# पुलिस की कांबिंग गश्त, चलाया गया विशेष अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

29-30 अप्रैल की रात्रि एसपी शशि मोहन सिंह के दिशा-निर्देश पर जिले के समस्त थाना व चौकी अपने-अपने क्षेत्र में रात्रि 10 बजे से प्रातः 05 बजे तक कांबिंग गश्त चलाया गया। गश्त में संबंधित अनुविभाग के पुलिस अनुविभागीय अधिकारी भी शामिल रहे। गश्त में रवाना करने के पूर्व सभी को बारिकी से ब्रीफ किया गया। इस दौरान जिले में 500 से अधिक अधिकारी व कर्मचारियों द्वारा एक साथ अभियान चलाया गया। चेकप्वाइंट तथा गश्त दौरान पुलिस की विभिन्न टीमों द्वारा प्रत्येक वाहनों की बारीकी से जांच कर आवागमन के कारण के साथ उनके आने-जाने का कारण एवं पहचान पत्र की तस्दीक गया, इस दौरान कुछ संदिग्ध व्यक्तियों के जवाब संतोषप्रद नहीं पाए जाने पर वैधानिक कार्यवाही किया गया है। जशपुर अनुविभाग के थाना सिटी कोतवाली जशपुर द्वारा 107, 116(3) के तहत-38, चौकी मनोरा द्वारा 04, चौकी आरा-01, थाना आस्ता-15, थाना दुलदुला-10 कुल-68 प्रकरणों में कार्यवाही की गई है। थाना सिटी कोतवाली जशपुर द्वारा धारा 151 में 02, धारा 109 सीआरपीसी के तहत 24 प्रकरणों में कार्यवाही की गई है। थाना आस्ता द्वारा आबकारी एक्ट के तहत कुल 03 प्रकरणों में कार्यवाही की गई है। थाना सिटी कोतवाली जशपुर द्वारा अवैध रूप से तलवार लेकर डराने-धमकाने के मामले में आर्म्स एक्ट के तहत 04 प्रकरणों में आरोपी 1-कुणाल गुप्ता उम्र 32 साल निवासी सरनाटोली जशपुर, 2-निजाम खान उम्र 30 साल निवासी चीरबगीचा, 3-विनीत एक्का उम्र 27 साल निवासी करमटोली गिरांग, 4-अनुज प्रधान उम्र 34 साल निवासी खरसोता के विरूद्ध कार्यवाही करते हुये न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है। थाना लोदाम द्वारा नशीली दवा का झारखंड तरफ से तस्करी करते आ रहा आरोपी नौशाद खान उम्र 26 साल निवासी साईंटांगरटोली के कब्जे से 50 नग कोरेक्स सिरप एवं 400 नग कैप्सूल कीमती 11 हजार रूपए एवं मोटर सायकल जप्त कर उसे एनडीपीएस एक्ट के तहत न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है। कुनकुरी अनुविभाग के थाना कुनकुरी द्वारा 01 स्थाई वारंट, 107, 116(3) के तहत-51, थाना तपकरा द्वारा 08, धारा 109 सीआरपीसी के तहत थाना कुनकुरी 35 प्रकरण, थाना तपकरा द्वारा 02, धारा 110 सीआरपीसी के तहत थाना कुनकुरी 01 प्रकरण, थाना तपकरा द्वारा 01, धारा 151 के तहत कुनकुरी द्वारा 03, आबकारी एक्ट के 02, एवं एमव्ही एक्ट के 25 प्रकरणों में कार्यवाही की गई है। थाना कुनकुरी द्वारा आर्म्स एक्ट के तहत 02 प्रकरण 1-नेल्सन कुजूर उम्र 31 साल निवासी गिनाबहार, 2-अमित किण्डो उम्र 44 साल निवासी हर्राडांड़ के तहत कार्यवाही करते हुये न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है। बगीचा अनुविभाग के थाना बगीचा द्वारा 107, 116(3) के तहत-15, धारा 109 सीआरपीसी के तहत-05, धारा 151 जाफौ के तहत 01, आबकारी एक्ट के 02 प्रकरणों में कार्यवाही की गई है। साथ ही क्षेत्र के निगरानी, गुण्डा बदमाशो की चेकिंग कर उन्हें थाना हाजिर के निर्देश दिये गये हैं। पत्थलगांव अनुविभाग के थाना पत्थलगांव द्वारा 107, 116(3) के तहत-12, थाना बागबहार द्वारा-05, थाना तुमला द्वारा 01, धारा 109 सीआरपीसी के तहत थाना पत्थलगांव बागबहार द्वारा 02-02 प्रकरण, धारा 110 सीआरपीसी के तहत चैकी कोतबा 01 प्रकरणों में कार्यवाही की गई है। आबकारी एक्ट के तहत थाना बागबहार द्वारा 01 प्रकरण में कार्यवाही की गई है। साथ ही क्षेत्र के निगरानी, गुण्डा बदमाश की चेकिंग कर उन्हें थाना हाजिर के निर्देष दिये गये हैं।

■ प्रत्येक वाहनों की बारिकी से की गई जांच



वाहन चेकिंग करती पुलिस।



# झूठे आरोप लगाकर छवि धूमिल करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा

**मुंबई।** भोजपुरी फिल्मों के स्टार रवि किशन को अपना पिता बताने वाली महिला ने डीएनए टेस्ट की मांग की थी, लेकिन कोर्ट ने इसे खारिज कर दिया है और मामले में कुछ भी ऐसा नहीं पाया जिससे टेस्ट की जरूरत पड़े। अब इस पर रवि किशन की ओर से बयान आया है कि इन लोगों को बख्शा नहीं जाएगा। इस केस में जिन-जिन लोगों ने छवि धूमिल करने का प्रयास किया है उन सबको जेल जाना होगा। इसमें जो भी बड़े-बड़े नाम शामिल हैं उनमें से किसी को भी माफ नहीं किया जाएगा और वो आरोप लगाने वाली महिला भी जल्द ही जेल जाएगी। गोरखपुर से वर्तमान सांसद रवि किशन को अपना पिता बताकर उनके डीएनए टेस्ट की अर्जी लगाने वाली महिला शिनोवा शुक्ला को अदालत से फटकार मिली है।

लाइफ Style



# जैस्मीन

## इस साल शादी करेंगी अली गोनी से

अली गोनी और जैस्मीन भसीन अपने 'बिग बॉस' के दिनों से ही हमारा दिल जीत रहे हैं। हमने घर में रहने के दौरान दोनों के बीच का प्यारा रिश्ता देखा, जिससे पता चला कि कैसे उनकी दोस्ती प्यार में बदल गई।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

आख़िरकार, जैस्मीन और अली ने नेशनल टेलीविजन पर एक-दूसरे के लिए अपने प्यार का इज़हार किया और जल्द ही लिव-इन रिलेशनशिप में रहने लगे। जब वे दोनों अपने डेटिंग फेज का भरपूर आनंद ले रहे हैं, उनसे अक्सर उनकी शादी की प्लानिंग के बारे में पूछा जाता है। इस बार अली ने इस पर रिएक्ट किया है। जैस्मीन भसीन और उनके बॉयफ्रेंड अली गोनी पिछले कुछ सालों से एक-दूसरे को डेट कर रहे हैं। बता दें, जैस्मीन और अली पहली बार मुंबई एयरपोर्ट पर मिले थे, जब वे 'खतरों के खिलाड़ी' की टीम के साथ अर्जेंटीना के लिए रवाना हो रहे थे। हालांकि, बिग बॉस 14 के घर के अंदर उनके रहने के बाद से उन्हें एक-दूसरे से प्यार हुआ और वे तब से एक साथ हैं। वे कई म्यूजिक वीडियो में एक साथ दिखाई दिए हैं और उनकी ऑन-स्क्रीन केमिस्ट्री को उनके फैंस काफी पसंद करते हैं। जहां हर कोई जैस्मीन भसीन और अली गोनी की शादी के बारे में जानने के लिए एक्साइटेड है, वहीं अली गोनी ने हाल ही में अपनी शादी के बारे में एक बड़ा संकेत दिया है। 'इंस्टेंट बॉलीवुड' के साथ अपनी बातचीत के दौरान, अली ने खुलासा किया कि उनकी मां उन्हें और जैस्मीन को शादी करने के लिए कह रही हैं।

हॉलीवुड मसाला



# जेनिफर ने दिखाया एक्शन का दम

मुंबई। जेनिफर लोपेज स्टारर एटलस का टीजर पिछले महीने रिलीज किया गया था , जो ऑडियंस को खूब पसंद आया था। अब फिल्म का ट्रेलर भी जारी हो गया है। जेनिफर लोपेज को आपने कई किरदार में देखा होगा, लेकिन साइंस फिक्शन एक्शन थ्रिलर में एक्ट्रेस पहली बार नजर आएंगी। ट्रेलर में जेनिफर लोपेज छा गई हैं। जेनिफर लोपेज हॉलीवुड की बेहतरीन अदाकारा हैं। साल 1993 में डेब्यू करने वाली जेनिफर ने तीन दशक के करियर में कई हिट फिल्मों में काम किया है।




# कैसेंड्रा नोवा है डेडपूल एंड वुल्वरीन की पॉवरफुल बॉल्ड विलेन..

**मुंबई।** डेडपूल एंड वुल्वरीन का मारवल के फैंस को बेसब्री से इंतजार है। इस फिल्म के साथ लोगन का सात साल का वनवास खत्म होगा। 2017 में आई लोगन में वुल्वरीन की मौत दिखाई गई थी। हालांकि ट्रेलर आने के बाद सबसे ज्यादा चर्चा इस सुपरहीरो फिल्म की विलेन को लेकर है जो डेडपूर और वुल्वरीन दोनों के छक्के छुड़ाते नजर आ रही है। वुल्वरीन के फैंस खास तौर पर जश्न मना रहे हैं, क्योंकि इस 2017 में आई 'लोगन' में वुल्वरीन की मौत दिखाई जा चुकी है। अब सात साल बाद मारवल का यह दिलचस्प किरदार बड़े पर्दे पर वापसी कर रहा है। ट्रेलर में डेडपूल यानी वेड विल्सन और वुल्वरीन यानी लोगन के बीच की नोकझोंक फैंस को खूब पसंद आ रही है, मगर ट्रेलर के अंत में एक अन्य किरदार पर निगाहें थम जाती हैं। इसे बेहद ताकतवर बाल्ड कैरेक्टर को देखकर जहन में सवाल उठना लाजिमी है।



# आयशा की सादगी देख यकीन नहीं होता

**नई दिल्ली।** रजा मुराद का सख्त सा चेहरा, कठोर सी आंखें और उनकी भारी भरकम आवाज ही फिल्मी दर्शकों को दहलाने के लिए काफी होती थी। उनकी ये आवाज ही उनकी पहचान बन गई। रजा मुराद मशहूर एक्टर मुराद के बेटे हैं। मुराद ने भी दशकों तक फिल्म इंडस्ट्री में काम किया। इस दौरान वो दिलीप कुमार, पृथ्वीराज कपूर जैसे कई उम्दा सितारों के साथ नजर आए। लेकिन परिवार की ये फिल्मी विरासत बेटी को नहीं मिली। रजा मुराद की बेटी उनके साथ इंस्टाग्राम पर तो दिखाई देती हैं, लेकिन फिल्मी पर्दे पर दिखाई नहीं दी। रजा मुराद की बेटी का नाम है आयशा मुराद। आयशा मुराद को आप रजा मुराद के इंस्टाग्राम पर कई तस्वीरों में देख सकते हैं। रजा मुराद अक्सर अपने परिवार के साथ तस्वीरें पोस्ट करते है जिसमें वो अपनी पत्नी, बेटी और बेटे के साथ दिखाई देते हैं।



# राकेश जिम में करते हैं जी तोड़ मेहनत

**नई दिल्ली।** सिल्वर स्क्रीन पर आप एक्टर्स और एक्ट्रेसेज की फिटनेस के बड़े फैन होते हैं लेकिन क्या आप जानते हैं कि अपना लुक मेंटेन करने के लिए इन्हें कितनी मेहनत करनी पड़ती है। ये मेहनत केवल यंगस्टर्स ही नहीं करते बल्कि सीनियर एक्टर्स भी खुद को फिट रखने के लिए और पब्लिक लाइफ में रहने के लिए खासी मेहनत करते हैं। फिलहाल राकेश रोशन का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इस वीडियो में राकेश जिम में जी तोड़ मेहनत करते नजर आ रहे हैं। 74 साल के राकेश का जिम शेड्यूल देखकर उनके बेटे ऋतिक रोशन भी हैरान रह गए। ऋतिक रोशन भी रह गए हैरानऋतिक ने पापा की तारीफ करते हुए उनकी रील शेयर की और लिखा, मतलब कैसे !!! हाउ? अनबिलीवेबल पापा।

टीवी मसाला

# कपिल शर्मा के शो में देओल ब्रदर्स ने की जमकर मस्ती

**नई दिल्ली।** कपिल शर्मा एक बार फिर अपनी टीम के साथ वापसी कर चुके हैं। कपिल शर्मा टीवी के बाद अब ओटीटी पर कदम रख चुके हैं। नेटफ्लिक्स के द ग्रेट इंडियन कपिल शो में हर हफ्ते लोगों को हंसाने के लिए नेटफ्लिक्स पर आ जाते हैं। अब आने वाले एपिसोड में देओल ब्रदर्स यानी सनी देओल और बॉबी देओल आने वाले हैं। शो का प्रोमो आ गया है जिसमें कपिल शर्मा सनी देओल और बॉबी देओल के साथ मस्ती करते हुए नजर आ रहे हैं। दोनों ही एक्टर्स को उनकी फिल्म गदर 2 और एनिमल की सक्सेस के लिए सभी ने बधाई भी दी और देओल ब्रदर्स ने कई राज भी खोले हैं।



### कपिल ने लिए काशीपुर वाले निराला बाबा के मजे

द ग्रेट इंडियन कपिल शो का ये नया प्रोमो वीडियो लोगों को काफी पसंद आ रहा है। इस वीडियो में कपिल शर्मा बॉबी देओल के साथ मस्ती करते नजर आ रहे हैं।वीडियो में देखा जा सकता है कि आश्रम के काशीपुर वाले बाबा को लेकर बॉबी देओल के साथ कपिल शर्मा ने जमकर मस्ती की। कपिल कहते हैं- 'हम समझ गए जीवन का असली सुख आश्रम में ही है'। जिसके जवाब में बॉबी कहते हैं- 'लड्डू खाने हैं तो आ जाओ मेरे पास'। इसके जवाब में कपिल कहते हैं- पाजी लड्डू खाने में किसी को कोई प्रॉब्लम नहीं है लेकिन लड्डू खाने के बाद आप जो हरकतें करते हो ना... कपिल की ये बात सुनकर सभी लोग जोर-जोर से हंसने लगते हैं।

### सनी देओल ने पापा धर्मेंद्र की बताई बात

उसके बाद सनी देओल वीडियो में बताते हैं।पापा कहते हैं आओ मेरे साथ बैठो दोस्त बनों। मैं बोलता हूं- पापा मैं आपको दोस्त बनकर बात बताऊंगा तो आप फिर पापा बन जाते हो। इस वीडियो को देखकर ही लग रहा है ये शो काफी मजेदार होने वाला है। जिसमें सुनील ग्रोवर भी बॉबी और सनी के साथ ढेर सारी मस्ती करेंगे। बता दें द ग्रेट इंडियन कपिल शो के आखिरी एपिसोड में आमिर खान आए थे। जिसमें उन्होंने अपनी फैमिली, पर्सनल लाइफ और काम को लेकर ढेर सारी बातें की। साथ ही उन्होंने फैंस को ऐसी बातें बताईं जो शायद ही पहले किसी को पता होंगी।

# अक्षय के करियर को हॉरर फिल्म से ट्रैक पर लाएंगे प्रियदर्शन!

**मुंबई।** प्रियदर्शन और अक्षय कुमार की सुपरहिट जोड़ी अब 14 साल बाद फिर साथ आने वाली है। प्रियदर्शन ने अक्षय के साथ अपनी नई फिल्म अनाउंस की है और साथ ही यह भी बताया है कि वह किस सब्जेक्ट पर आधारित होगी। प्रियदर्शन ने अक्षय कुमार के साथ 'हेरा फेरी', भागमभाग', 'भूल भुलैया' और 'गरम मसाला' जैसी ब्लॉकबस्टर फिल्में दीं। प्रियदर्शन ने बताया कि वह अभी तक वह अपनी डॉक्यू-सीरीज पर काम कर रहे थे, जो राम मंदिर के इतिहास पर बनी है। उन्होंने कहा, 'अब जब मैंने राम मंदिर के इतिहास पर अपनी डॉक्यू-सीरीज पूरी कर ली है, तो मैं अब अक्षय के साथ अपनी सबसे महत्वपूर्ण फिल्म पर काम शुरू कर रहा हूं।



# गोवा, यूरोप व श्रीलंका समेत इन खूबसूरत जगहों पर हुई है 'कंगुवा' की शूटिंग



**नई दिल्ली।** स्टूडियो ग्रीन और सूर्या शिवकुमार द्वारा मैग्नम ओपस 'कंगुवा' के टीजर रिलीज के बाद से इसने हर जगह काफी उत्साह पैदा कर दिया है। इस शानदार टीजर में वह सब कुछ है, जो इसे हॉलीवुड प्रोडक्शन के लेवल का बनाता है: एक्सपर्टाइज, क्रिएटिव थिंकिंग, कंटेंट की ओरिजेनिलिटी, जबरदस्त बैकग्राउंड स्कोर और एक्जिक्यूशन टीजर ने देश भर में दीवानगी को बढ़ा दिया है। सभी को टीजर बहुत पसंद आ रहा है और दर्शक धमाकेदार एक्शन देखने का इंतजार कर रहे हैं।बॉबी देओल जहां इसमें खलनायक की भूमिका में हैं।वहीं सूर्या वीर योद्धा के किरदार में हैं, जिनके बीच जबरदस्त संग्राम देखने मिलने वाला है।

### एक्शन सीन्स के लिए की 60 दिन की शूटिंग

कंगुवा बेशक इस साल आने वाली सबसे बड़ी फिल्मों में से एक है। मेकर्स ने इसे दर्शकों के लिए ना भूलने वाला अनुभव बनाने के लिए हर तरह की मुमकिन कोशिश की है। फिल्म दो अलग-अलग समय, अतीत और वर्तमान की कहानी कहती है। इसलिए उन्होंने इसे दुनिया भर में रीयल लोकेशस पर फिल्माया है। फिल्म को खास बनाए रखने के लिए मेकर्स ने इसे गोवा, यूरोप और श्रीलंका जैसी खूबसूरत जगहों पर फिल्माया है। उन्होंने वहां 60 दिन शूटिंग की, खास तौर पर एक्शन सीन्स के लिए।350 करोड़ के बजट वाली इस फिल्म के कुछ अहम हिस्से चेन्नई के पास और यहां तक कि पांडिचेरी में भी फिल्माए गए हैं. हाल ही में मेकर्स केरल और कोडईकनाल के जंगलों में सूर्या के साथ एक महत्वपूर्ण सीन को फिल्माया। पिछले अक्टूबर में, मेकर्स ने पूरी टीम के साथ बैंकॉक में तीन हफ्ते के शेड्यूल में शूटिंग की थी।

## 'मंगल लक्ष्मी' और 'कुंडली भाग्य' सीरियल 8वें और 9वें नंबर पर

# 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' पहुंचा आखिरी पायदान पर

*मुंबई। टीवी टीआरपी की लिस्ट दर्शकों की पसंद और नापसंद पर निर्भर करती है। इन दिनों 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' के सितारे गर्दिश में हैं। ये सीरियल लुढ़ककर सबसे नीचे पहुंच गया है। 'उड़ने की आशा' ने टॉप 5 में अपनी जगह बना ली है। जैसे फिल्मों के लिए बॉक्स ऑफिस की रिपोर्ट तय करती है कि फिल्म हिट हुई या फ्लॉप, उसी तरह ब्रॉडकास्टिंग ऑडियंस रिसर्च काउंकिल की तरफ से टीवी सीरियल्स के लिए हर हफ्ते एक रिपोर्ट जारी होती है, ये बताती है कि कौन-सा सीरियल राज कर रहा है और किसे दर्शकों ने सिरे से नकार दिया है यानी नापसंद कर दिया है। 16वें हफ्ते की टीआरपी रिपोर्ट आ चुकी है और ये 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' के फैंस के लिए बुरी खबर लेकर आई है। लेटेस्ट टीआरपी रिपोर्ट के मुताबिक, 'उड़ने की आशा' सीरियल ने टॉप 5 में अपनी एंट्री कर ली है। दूसरी तरफ रुपाली गांगुली का शो 'अनुपमा' हर बार की तरह इस बार भी टॉप पर अपनी जगह बनाए हुए है।*

### अनुपमा ने इस हफ्ते मारी बाजी



अनुपमा सीरियल 2.4 रेटिंग के साथ टीआरपी लिस्ट में टॉप पर है। दर्शकों को शो का नया ट्रैक पसंद आ रहा है। वहीं, हिबा और कुशाल अहूजा के 'झनक' ने दूसरे नंबर पर अपना कब्जा जमा लिया है। इस शो को 2.2 रेटिंग मिली है।'ये रिश्ता क्या कहलाता है' सीरियल ने इस बार सरप्राइज दिया है। 1.9 की रेटिंग के साथ समृद्धि शुक्ला औ रोहित पुरोहित के शो को तीसरा स्थान मिला है।

### 'गुम है किसी के प्यार में' एक नंबर लुढ़का

शक्ति अरोड़ा स्टारर 'गुम है किसीके प्यार में' सीरियल टॉप 3 से लुढ़ककर अब चौथे नंबर पर खिसक गया है। इसकी रेटिंग 1.9 है। कंवर ढिल्लन और नेहा हरसोना के 'उड़ने की आशा' ने भी उड़ान भरी है। इसने 1.5 की रेटिंग के साथ टॉप 5 में जगह बना ली है।




### 'तारक मेहता...' को लगा झटका

कलर्स टीवी के माइथोलॉजिकल सीरियल 'शिवशक्ति' को नंबर 6 और साईं निकेतन-अद्रिजा रॉय स्टारर 'इमली' को सातवां स्थान हासिल हुआ है। 'मंगल लक्ष्मी' और 'कुंडली भाग्य' सीरियल 8वें और 9वें नंबर पर है। दिलीप जोशी के 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' को झटका लगा है। ये लुढ़ककर 10वें नंबर पर पहुंच गया है।



# सिनेमाघरों के बाद ओटीटी पर लापता लेडीज का धमाका



*नई दिल्ली। किरण राव द्वारा निर्देशित जियो स्टूडियोज और आमिर खान प्रोडक्शंस की लापता लेडीज ने अपनी थियेटर रिलीज के साथ ही लोगों का दिल जीत लिया है। दर्शकों और आलोचकों ने फिल्म की अच्छी तरह से संरचित कहानी, मनोरंजन, सामाजिक संदेश, मुख्य कलाकारों के अभिनय और निर्देशन की खूब प्रशंसा की और यह साल की सबसे पसंदीदा और सकारात्मक समीक्षा वाली फिल्मों में से एक बन गई। अपने बेहतरीन थियेटर रन के बाद इस बहुचर्चित फिल्म को डिजिटल रिलीज पर जबरदस्त प्रतिक्रिया मिली।*

*दर्शकों ने पूरे सोशल मीडिया पर फिल्म के लिए प्यार की बाढ़ ला दी और वे इसकी खूब प्रशंसा कर रहे हैं। हर तरफ से मिली जबरदस्त प्रतिक्रिया ने फिल्म को सोशल मीडिया पर 'टॉप 10' ट्रेंडिंग इंडियन मूवीज की सूची में नंबर 1 स्थान दिलाने में मदद की। डिजिटल रिलीज के बावजूद, फिल्म अभी भी कई सिनेमाघरों में चल रही है और शानदार गति बनाए हुए है।*

*दर्शकों की ओर से आने वाली हर प्रतिक्रिया से यह साफ पता चलता है कि किरण राव और उनकी बेहतरीन कहानी और निर्देशन ने सभी के दिमाग पर क्या असर छोड़ा है। आमिर खान प्रोडक्शंस की इस फिल्म ने दर्शकों को अपनी असीमित हंसी से बांधे रखा है। फिल्म में कॉमेडी और मनोरंजन का तड़का तो है ही, साथ ही यह देश की महिलाओं से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों पर भी प्रकाश डालती है।*

*, 'लापता लेडीज' किरण राव द्वारा निर्देशित और आमिर खान और ज्योति देशपांडे द्वारा निर्मित है। आमिर खान प्रोडक्शंस और किंडलिंग प्रोडक्शंस के बैनर तले बनी यह फिल्म बिप्लब गोस्वामी की एक पुरस्कार विजेता कहानी पर आधारित है और इसकी पटकथा अभी भी सिनेमाघरों में चल रही है। कहानी और संवाद स्नेहा देसाई द्वारा लिखे गए हैं, जबकि अन्य डायलॉग दिव्यनिधि शर्मा द्वारा लिखे गए हैं।*

## खबर संक्षेप



### वार्षिक परीक्षा में प्रथम आने वाले विद्यार्थियों का सम्मान

**रामानुजगंज।** सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। कक्षा में प्रथम तीन स्थान लाने वाले छात्र-छात्राओं को मुख्य अतिथि द्वारा सम्मानित किया गया। इस अवसर पर शिक्षा समिति के अध्यक्ष सुभाष चन्द्र जायसवाल, उपाध्यक्ष अशोक केशरी, अजय केशरी, रमेश अग्रवाल, रमाकांत दुबे, प्राचार्य अजीत कुमार पांडेय, प्रधानाचार्य मनोज कुमार सिंह, राजकुमार ठाकुर सहित अभिभावक उपस्थित रहे।

### सूने मकान से नकदी समेत 1 लाख के जेवर ले उड़े चोर

**अम्बिकापुर।** शहर में चोरी की घटनाएं बढ़ने लगी है। कुछ दिन पूर्व ही चोरों नं गांधीनगर थाना क्षेत्र स्थित दो सूने मकान में धावा बोलकर बड़ी चोरी की घटना को अंजाम दिया था। वहीं अब चोर गांधीनगर थाना क्षेत्र के बाद कोतवाली क्षेत्र में एक सूने मकान में धावा बोलकर नगदी समेत लगभग 1 लाख कीमत के जेवरात पार कर दिया। रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात के विरूद्ध चोरी का मामला दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार ग्राम खैरबार खुदीपारा निवासी लकड़ी मिस्त्री मिन्टू कुमार शर्मा आ. मल्लू शर्मा 6 अप्रैल को वैवाहिक कार्यक्रम में शामिल होने के लिए घर में ताला लगाकर परिवार के साथ झारखंड गए थे। इसी बीच गत दिन पड़ोसी नीलू लकड़ा ने लकड़ी मिस्त्री के घर के दरवाजा खुला देख घटना की जानकारी मिन्टू को दी। सूचना पर मकान मालिक घर पहुंचा तो उसके होश उड़ गए। कमरे में सामान बिखरा और अलमारी, पेटी खुला हुआ था। मकान मालिक के मुताबिक चोरों ने उसके घर से अलमारी में रखे नगद 30 हजार रुपए के अलावा लगभग 1 लाख कीमत के सोने चांदी के जेवरात चोरी कर ले गए। मकान मालिक ने घटना की रिपोर्ट कोतवाली में दर्ज कराई। रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात के विरूद्ध धारा 457, 380 के तहत अपराध दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है।

### तेज रफ्तार कार पेड़ से टकराई, महिला की मौत

**अम्बिकापुर।** शादी कार्यक्रम में शामिल होकर बेटी को बिलासपुर छोड़ने जा रहे कार सवार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पेड़ से टकरा गए। दुर्घटना में महिला की मौत हो गई जबकि पिता पुत्री घायल हो गए। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार चिरमिरी थाना अंतर्गत गुदरी बाजार निवासी मालती सिंह पति कमलेश कुमार (52 वर्ष) बेटी व पति के साथ निजी कार से शादी कार्यक्रम में शामिल होने पटना बिहार गए थे। शादी में शामिल होने के बाद घर वापस लौटने के दौरान कमलेश कुमार बेटी को छोड़ने पत्नी के साथ बिलासपुर जा रहे थे। जैसे ही कार सवार ग्राम तारा के समीप पहुंच तभी गड्ढे में वाहन के उछलने से कमलेश वाहन से नियंत्रण खो बैठा जिससे वाहन अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पेड़ से टकरा गई। दुर्घटना में कमलेश व उसकी बेटी को मामूली चोटें और जबकि महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। परिजन घायल को शहर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। सूचना पर मणिपुर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द कर दिया है।

## केन्द्र में नहीं रहते वरिष्ठ चिकित्सक, भारी अव्यवस्था

# जूनियर डॉक्टरों के भरोसे मेडिकल कॉलेज अस्पताल का आपातकालीन केंद्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

मेडिकल कॉलेज अस्पताल के आपात कालीन केन्द्र में भारी अव्यवस्था होने से मरीज समेत परिजन को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। आलम यह है कि आपात कालीन केन्द्र में युनियर चिकित्सकों की ड्यूटी लगाए जाने से रात के समय गंभीर मरीजों के आने पर परिजन व चिकित्सा स्टाफ के बीच न सिर्फ विवाद की स्थिति निर्मित होती है बल्कि मरीज का समय पर उपचार शुरू नहीं होता। अस्पताल में सीनियर सहित पर्याप्त संख्या में चिकित्सक है बावजूद इसके रात के समय केवल युनियर चिकित्सकों की ही ड्यूटी लगाई जाती है जिससे गंभीर मरीजों के उपचार के लिए मार्गदर्शन देने वाला कोई चिकित्सक नहीं होता। ऐसे में मरीज सहित परिजन को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। साथ ही मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मरीजों की बेहतर सुविधा के लिए आपात कालीन केन्द्र में पर्ची काउंटर की व्यवस्था की गई थी परंतु पर्ची काउंटर बंद होने से परिजन की मुश्किलें और भी बढ़ गई है।

**खास बात**
- मरीज सहित परिजन की बढ़ी परेशानी

मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मरीजों को जांच व उपचार में किसी प्रकार की परेशानी न हो इसे ध्यान में रखकर अस्पताल के सभी विभाग में आवश्यक जांच उपकरण सहित अन्य संसाधन उपलब्ध कराई गई है जिसका लाभ मरीजों को मिल रहा है। जांच उपकरण की भांति मरीजों का समय पर उपचार हो इसके लिए अस्पताल में पर्याप्त संख्या में सीनियर व जूनियर चिकित्सक उपलब्ध है। पिछले कुछ साल के भीतर जिस तरह चिकित्सकों की संख्या सौ से अधिक हो गई है उसी तरह अब अस्पताल में जांच व उपचार कराने वाले मरीजों की संख्या में भी वृद्धि हुई है। मेडिकल कॉलेज अस्पताल में हर रोज बड़ी संख्या में मरीज आते है। ओपीडी के समय सीनियर चिकित्सक जांच कर गंभीर मरीजों को अस्पताल में दाखिल करा देते है जबकि मामूली बीमारी पर दवा लिख खाने की सलाह देकर भेज देते है। लेकिन ओपीडी समय समाप्त हो जाने पर मरीजों की देखरेख व जांच व उपचार करने की जिम्मेदारी आपात कालीन केंद्र में तैनात चिकित्सकों की होती है। आपातकालीन केन्द्र युनियर चिकित्सकों के भरोसे संचालित है। ओपीडी में कुछ सीनियर चिकित्सक कभी कभार मरीजों की जांच करते है परंतु पिछले कई माह से आपात कालीन में केवल जूनियर चिकित्सकों की ही ड्यूटी लगाई जाती है जिससे मरीज का समय पर उपचार शुरू नहीं होने पर परिजन विवाद करने लगते है। आपात कालीन केंद्र में हर दूसरे तीसरे दिन रात के समय उपचार नहीं करने की शिकायत को लेकर परिजन विवाद करते है। बावजूद इसके आज तक जूनियर चिकित्सकों को मार्गदर्शन देने एक भी सीनियर चिकित्सकों को तैनात नहीं किया गया है जिससे आपात कालीन केंद्र पहुंचने वाले मरीज सहित परिजन परेशान है।


मेडिकल कॉलेज अस्पताल का आपातकालीन केन्द्र का बंद पर्ची काउंटर।

### परिजन रहे परेशान

आपातकालीन केन्द्र में मरीजों की उपचार जल्द शुरू हो इसके लिए कुछ माह पूर्व ही अस्पताल प्रबंधन द्वारा आपात कालीन केन्द्र में पर्ची काउंटर की व्यवस्था की थी। परंतु पिछले कुछ दिनों से पर्ची काउंटर बंद रहने से मरीज के परिजन की परेशानी और भी बढ़ गई। एंबुलेंस सहित निजी वाहन से परिजन मरीज को आपातकालीन केन्द्र तो ले आते परंतु पर्ची नहीं होने के कारण मरीज का समय पर उपचार शुरू नहीं होता। ऐसे में मरीज को छोड़ परिजन ओपीडी में पर्ची कटवाने जाने को मजबूर है। बीती रात भी कई परिजन मरीज को लेकर आपात कालीन केन्द्र पहुंचे परंतु पर्ची काउंटर बंद होने से परिजन को ओपीड़ी का चक्कर लगाना पड़ा। हालांकि परिजन की शिकायत पर अस्पताल प्रबंधन ने आज ओपीडी में पर्ची काउंटर को पुनः शुरू कराया।

### पूर्व में हो चुकी है विवाद

आपात कालीन केंद्र में समय पर उपचार जांच नहीं करने को लेकर कई बार विवाद की स्थिति निर्मित हो चुकी है। नौबत यहां तक आ गया था कि चिकिसतों को यूनियन चिकित्सक को कमरे में अपने आप को बंद करना पड़ा। चिकित्सकों ने आपात कालीन में परिजन द्वारा विवाद करने की शिकायत पूर्व में अस्पताल अधीक्षक से की थी। अस्पताल प्रबंधन द्वारा आपात कालीन केंद्र में किसी प्रकार विवाद ने हो इसे ध्यान में रखकर नेकी की दीवार कक्ष में पुलिस सहायता केन्द्र को शिफ्ट करना पड़ा। वहीं अब एक बार पूर्व की भांति आपात कालीन केंद्र को जुनियर चिकित्सकों के भरोसे छोड़ दिया है जिससे कभी भी विवाद की स्थिति बन सकती है।

**तैनात रहते है तीन चिकित्सक**

आपात कालीन केन्द्र में हर रोज दो से तीन चिकित्सकों की ड्यूटी लगाई जाती है जिसमें सभी जूनियर चिकित्सक ही होते है। मामूली बुखार व सड़क दुर्घटना के घायल मरीजों का उपचार समय पर हो जाती है परंतु देर रात कोई गंभीर मरीज पहुंचा तो मरीज की जांच तो दूर उपचार शुरू नहीं हो पाता है। जबकि कई बार तो गंभीर मरीज को एंबुलेंस से सीधे आईसीयू में शिफ्ट करने के दौरान मरीज को लाइफ स्पोट के लिए इंतजार करना पड़ता है।

**तैनात रहते हैं चिकित्सक**

आपात कालीन केंद्र में चिकित्सकों की ड्यूटी पूर्व की भांति लगाई जाती है। कुछ पीजी के स्टूडेंट भी रहते है जो सीखते है। सीनियर चिकित्सक कॉल ड्यूटी में होते है जिनकी आवश्यकता पड़ने पर उन्हें बुलाए जाते है। आपात कालीन केन्द्र के पर्ची काउंटर के प्रिंटर खराब होने के कारण पर्ची नहीं काटे जा रहे थे। जानकारी लगने पर प्रिंटर की व्यवस्था कर दी गई है।

-डॉ. आरसी आर्या
अस्पताल अधीक्षक



## अहंकार बुद्धि एवं ज्ञान का कर लेता है हरण

**भैयाथान।** व्यक्ति को अहंकार नहीं करना चाहिए। अहंकार बुद्धि और ज्ञान का हरण कर लेता है। अहंकार ही मनुष्य का सबसे बड़ा शत्रु है। विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम कोईलारी में चल रही सात दिवसीय श्रमद् भागवत कथा के पांचवे दिवस आचार्य पंडित जय तिवारी ने यह बात कही। कथा में उन्होंने श्रीकृष्ण जन्मोत्सव का प्रसंग सुनाया।

श्रीकृष्ण जन्म का प्रसंग सुनकर श्रद्धालु भाव विभोर हो उठे। कथा व्यास आचार्य श्री तिवारी ने कहा कि जब अत्याचारी कंस के पापों से धरती डोलने लगी तब भगवान कृष्ण को अवतरित होना पड़ा। सात संतानों के बाद जब देवकी गर्भवती हुई तो उसे अपनी संतान की मृत्यु का भय सता रहा था। भगवान की लीला वे स्वयं ही समझ सकते है। भगवान श्रीकृष्ण के जन्म लेते ही जेल के सभी बंधन टूट गए और भगवान श्रीकृष्ण गोकुल पहुंच गए। पंडित जी ने कहा कि जब-जब धरती पर धर्म की हानि होती है, तब-तब भगवान धरती पर अवतरित होते हैं। कथा के दौरान भगवान श्रीकृष्ण का जन्म होने पर पूरा पंडाल जयकारों से गूंजने लगा। श्रीकृष्ण जन्मोत्सव पर कथा व्यास श्री तिवारी द्वारा प्रस्तुत नन्द के आनंद भयो जय कन्हैसयालाल भजन पर उपस्थित श्रद्धालु भावविभोर होकर झूमने लगे तथा एक-दूसरे को श्रीकृष्ण जन्म की बधाईयां दी। इस दौरान खिलौने और मिठाइयां बाटी गई। इस दौरान महिलाओं ने भजन प्रस्तुत कर भगवान श्री कृष्ण के जन्म की खुशियां मनाई।

### श्याम भजन संध्या में कलाकार देंगे मनमोहक प्रस्तुति

**प्रतापपुर।** श्री श्याम भजन संध्या के भव्य आयोजन में बाहर से आए कलाकारों द्वारा मनमोहक प्रस्तुति देंगे। आयोजन लखदातार परिवार द्वारा किया जा रहा है।



आयोजन से जुड़े अंकुर सिंघल, अभिषेक गर्ग, अंकित, सुमित गुप्ता, अमन, शुभम मित्तल ने बताया कि भजनों की अनुपम प्रस्तुति सोनभद्र के संजीव शर्मा, कोलकाता का अभिषेक शर्मा, माधव और फतेहाबाद हरियाणा की मीणा मेहता द्वारा की जाएगी।

## संविधान व लोकतंत्र की रक्षा के लिए कांग्रेस की सरकार चुनें



**एमसीबी।** कोरबा लोकसभा से कांग्रेस प्रत्याशी ज्योत्सना चरणदास महंत के पक्ष में चिरमिरी के छिंदडांड बाजार, टेडवा, डुमरिया, सलका बाजार व अन्य क्षेत्रों में कांग्रेस के पदाधिकारियों के द्वारा नुक्कड़ व आमसभा के माध्यम से समर्थन मांगा गया है। प्रचार कर रहे कांग्रेस नेताओं के द्वारा कहा गया कि भाजपा सरकार ने सभी सामग्री पर जीएसटी लगा दिया है जिससे लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

**खास बात**
- महंगाई की ओर ले जा रहे हैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

केन्द्र में कांग्रेस की सरकार बनने पर जीएसटी हटा दिया जाएगा। आज किसानों की खेती के लिए यूरिया का रेट बढ़ा दिया गया है हमारी सरकार आएगी तो इसमें कमी किया जाएगा। कांग्रेस संविधान की रक्षा करना चाहती है। बीजेपी की सरकार में मंहगाई ने हर वर्ग की कमर तोडक़र रखी दी है और आम जनता परेशान है। कांग्रेस की सरकार बनी तो न सिर्फ महंगाई से राहत देंगे बल्कि महिलाओं, युवाओं, किसानों, मजदूरों की बेहतरी के लिए न्याय होगा। जगह-जगह ली गई नुक्कड़ सभा में कहा गया कि क्या बीजेपी को कोरबा लोकसभा सीट में कोई भाजपा कार्यकर्ता नहीं मिला कि दुर्ग से बाहरी प्रत्याशी को लाया गया है। आज हम जब अस्पतालों में जाते हैं तो अनेक प्रकार के जांच के लिए पैसा लिया जाता है। बीजेपी के आयुष्मान कार्ड से किसी को फायदा नहीं हो रहा है कांग्रेस की सरकार आने पर 25 लाख रुपए तक स्वास्थ्य की सुविधा दिया जाएगा। भारतीय जनता पार्टी कानून बदलने की बात करते हैं इनका खूंटा हिल चुका है। यह चुनाव जल-जंगल और जमीन को बचाने का चुनाव है। इस दौरान जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष प्रदीप गुप्ता, योगेश शुक्ला, अशोक जायसवाल, रामचंद्र राजवाड़े, अजय, अनिल जायसवाल, वेदांत तिवारी, नजीर अजहर, बिहारी लाल राजवाड़े, दीपक गुप्ता, भूपेन्द्र यादव, सौरभ गुप्ता, चंद्रप्रकाश राजवाड़े, आशीष डबरे, हेमसागर यादव आदि उपस्थित रहे।

# नपं के समीप वाटर एटीएम बंद, भीषण गर्मी में प्यास से लोग बेहाल


## एसईसीएल द्वारा कई लाख रुपए खर्च कर लगवाई गई थी दो मशीन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

कई लाख रुपए की लागत से कोयलांचल में स्थापित कराई गई वाटर एटीएम मशीन अब शो पीस मात्र बनकर रह गई है। उक्त वाटर एटीएम स्थापना के कुछ महीनों बाद से सर्विस के अभाव में बंद पड़ गई है। विभागीय अधिकारियों की उदासीनता की वजह से भीषण गर्मी में आमजनों व राहगीरों को स्वच्छ पानी के लिए भटकने विवश होना पड़ रहा है।

**खास बात**
- भीषण गर्मी में स्वच्छ पेय जल के लिए तरस रहे राहगीर

गौरतलब है कि करीब 4-5 वर्ष पूर्व शासन के मंशानुरूप एसईसीएल प्रबंधन द्वारा नगर के बस स्टैंड व नगर पंचायत प्रांगण में बिश्रामपुर-भटगांव मुख्य मार्ग किनारे लाखों रुपए की लागत से दो वाटर एटीएम मशीन की स्थापना कराई गई थी। योजना की मंशा यह थी कि आमजनों व राहगीरों को आसानी से शुद्ध पेयजल की सुविधा निःशुल्क उपलब्ध हो सकेगी। बताया गया कि इनमें से एक वाटर एटीएम मशीन जो कि नगर पंचायत बिश्रामपुर प्रांगण में स्थापित की गई थी , कुछ महीनों बाद से तकनीकी कारणों से बंद पड़ी हुई है, यहां पर लगाई गई वाटर एटीएम मशीन खराब पड़े रहने से इसका शटर भी हमेशा बंद रहता है, मरम्मत व सर्विस के अभाव में ये मशीन अब शो पीस मात्र बनकर रह गई है।



नगर पंचायत प्रांगण में स्थित बंद वाटर एटीएम।

अब केवल बस स्टैंड के समीप लगवाया गया वाटर एटीएम ही चालू हालत में है जिससे लोगों को कुछ राहत मिल रही है। नगर पंचायत प्रांगण में स्थित वाटर एटीएम मशीन बंद रहने से जहां एक ओर आमजन को इसका लाभ नहीं मिल पा रहा है वहीं दूसरी ओर लाखों रुपए की उक्त मशीन धूल फांकती नजर आ रही है। विभागीय अधिकारियों द्वारा उक्त वाटर एटीएम मशीन को पुनः मरम्मत व सर्विस कराकर शुरू कराए जाने की दिशा में कोई पहल नहीं किए जाने से आमजन में काफी नाराजगी व्याप्त है।

### सेवानिवृत्त दो प्रधान पाठकों को दी गई विदाई

**सोनगरा।** शिक्षक समाज का पथ प्रदर्शक होता है और समाज को सही रास्ता दिखाता है। इस कथन को कुछ शिक्षकों ने चरितार्थ करते हुए आ रहे है जिसमें प्रधान पाठक यमुना प्रसाद तिवारी एवं सिम्फाजा बड़ा शामिल है। संकुल केंद्र सोनगरा एवं शंकरपुर के संयुक्त तत्वावधान कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी मुन्नू सिंह धुर्वे, खण्ड श्रोत समन्वय रमेश शरण सिंह, सहायक खण्ड शिक्षा अधिकारी साइमन तिर्की, बीपीओ राकेश मोहन मिश्रा, संकुल प्राचार्य परमेश्वर पैकरा, मंडल उपाध्यक्ष शरद चन्द्र द्विवेदी, सेवानिवृत शिक्षक अयोध्या पांडेय, ईश्वर जायसवाल, कन्नी लाल जायसवाल, डॉ.संतोष सिंह, अभिषेक सिंह, झरीलाल पैकरा, रंजय सिंह, विजय सोनी उपस्थिति रहे।

### पुलिस अधिकारियों ने दूरस्थ मतदान केन्द्र का लिया जायजा

**सूरजपुर।** पुलिस अधीक्षक एमआर आहिरे के निर्देशन पर आज पुलिस अधिकारियों ने मोहरसोप क्षेत्र के दुरस्थ स्थित मतदान केन्द्र लूल्ह का जायजा लिया। साथ ही गांव के बच्चों को फल वितरण किया तो वहीं लटोरी स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में परीक्षा परिणाम लेने पहुंची स्कूली छात्राओं को महिलाओं की सुरक्षा से जुड़े अभिव्यक्ति ऐप के बारे में जानकारी दी गई। सोमवार को चौकी प्रभारी मोहरसोप कमलेश पाठक क्षेत्र के मतदान केन्द्रों का जायजा लेने के दौरान दुरस्थ मतदान केन्द्र लूल्ह पहुंचे जहां गांव के लोगों व बच्चों को देख उनसे चर्चा की। साथ ही बच्चों को फल वितरण कर गर्मी से बचने के बारे में जानकारी दी। गांव के लोगों से संदिग्ध व्यक्तियों के बारे में जानकारी देने कहा।



न्यूरो ओ.पी.डी. प्रतिमाह दूसरे शनिवार
सिर एवं रीढ़ की हड्डी की चोटें, ब्रेन ट्यूमर एवं कैंसर, ब्रेन हेमरेज, डिस्क प्रोलेप्स, ब्रेन हिमेटोमा एक्सीडेंट, ट्रामा एवं सिर की चोटों का उपचार एवं परामर्श
डॉ. हर्षित मिश्रा
MBBS, MS, M.Ch. (Neuro Surgery) (AIIMS DELHI)
कंसल्टेंट न्यूरोसर्जन
WE CARE SUPERSPECIALITY HOSPITAL RAIPUR
शनिवार, 11 मई 2024 को परामर्श के लिए उपलब्ध रहेंगे।
समय: शाम 05.00 बजे से
अग्रिम पंजीयन आवश्यक
स्थान: बड़ेरिया डायग्नोस्टिक, बाजारपारा, बैकुण्ठपुर
मो. 9425255110, 9425269110

## वरिष्ठ नागरिक संघ की बैठक में की गई चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

वरिष्ठ नागरिक संघ की वार्षिक बैठक का आयोजन लालचन्द अग्रवाल की अध्यक्षता में बापू की कुटिया में किया गया। बैठक में गत वर्ष की गतिविधियों की समीक्षा के साथ आय व्यय का ब्यौरा कोषाध्यक्ष सुशील अग्रवाल द्वारा प्रस्तुत किया गया। साथ ही बैठक में विभिन्न मुद्दो पर चर्चा की गई। बैठक में 2 महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा कर निर्णय लिया गया जिसमे इस वर्ष ग्रीष्म ऋतु को देखते हुए मई एवं जून दो माह तक नगर में कम से कम 10 स्थानों पर लोगों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए पेयजल की व्यवस्था करने तथा जिले के वरिष्ठ नागरिकों के मनोरंजन को ध्यान में रखते हुए बैडमिंटन, कैरम एवं शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन मई एवं जून में कराने का निर्णय लिया गया। बैठक में नगर के गणमान्य व्यक्तियों को जो ठंड के मौसम में कम्बल, साडी, साल स्वेटर आदि में सहयोग प्रदान करने वालो को प्रशस्ति पत्र देकर संघ के वरिष्ठ संरक्षक सदस्य रोशन लाल अग्रवाल एवं भोला प्रसाद अग्रवाल द्वारा सम्मानित किया गया। इस दौरान हरिदास अग्रवाल, शिवनारायण राजवाडे, सुशील कुमार अग्रवाल, पवन मित्तल, एसके तिवारी एवं श्याम देव ठाकुर को विशेष रूप से सम्मानित किया गया।


बैठक में उपस्थित वरिष्ठ नागरिक।

हरिभूमि
पाठकों के लिए माह अप्रैल 2024 का बिल निम्नानुसार है

| विवरण | दर | राशि |
|---|---|---|
| 10 दिन | 4.00 | 40.00 |
| 20 दिन | 5.00 | 100.00 |
| 30 दिन, | कुल योग= | 140.00 |

कृपया पाठकगण माह अप्रैल 2024 के बिल का भुगतान उपरोक्तानुसार अपने एजेण्ट बंधु को 5 मई 2024 तक जमा करें।
प्रसार प्रबंधक
हरिभूमि
गौरव पथ रिंग रोड नं. 2
बिलासपुर

Rahul Travels — One Way Taxi Pvt Ltd —
RAHUL TRAVELS
One Way Taxi Pvt Ltd
वाहन है पर ड्राइवर नहीं है?
अपना ड्राइवर आज ही बुक करे
डेली या परमानेंट बेसिस पर
7837411411
/RahulTravels | /RahulTravelsOneWay | www.rahultravels.com

online Booking:-www.tripuryatra.com
स्लीपर मात्र 8,500/-
सुनहरा अवसर
स्पेशल ट्रेन से 08 जून से 14 जून 2024
जय माता दी... चलो बुलावा आया है, माता ने बुलाया है....
सबसे कम राशि पर
माता वैष्णव देवी
हरिद्वार,मथुरा वृंदावन (श्री कृष्ण जन्मभूमि)
राशि:-स्लीपर 8500/- 3 एसी 16,500/-2 एसी 21,500/ (+ 5% GST)
छत्तीसगढ़ के श्रवण कुमार
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा
RAIPUR- D-36 Sector - 4 Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411